सामाजिक विज्ञान

कक्षा 8

(भूगोल)

अध्याय 2: भूमि, मृदा, जल, प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीव संसाधन



To get notes visit our website

mukutclasses.in

अभ्यास के प्रश्न

प्रश्न 1. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए

(i) मृदा निर्माण के लिए उत्तरदायी दो मुख्य जलवायु कारक कौन से हैं?
उत्तर: तापमान और वर्षा।

(ii) भूमि निम्नीकरण के कोई दो कारण लिखिए।
उत्तर: वनोन्मूलन और अतिचारण।

(iii) भूमि को महत्त्वपूर्ण संसाधन क्यों माना जाता है?
उत्तर: भूमि को महत्वपूर्ण संसाधन माना जाता है क्योंकि इसका उपयोग कृषि, वानिकी, खनन, सड़को, उघोगों की स्थापना के लिए किया जाता है।

(iv) किन्हीं दो सोपानों के नाम बताइए जिन्हें सरकार ने पौधों और प्राणियों के संरक्षण के लिए आरंभ किया है।
उत्तर:
(क) सरकार ने अंतरराष्ट्रीय समझौता सी० आई० टी० ई० एस० (द कन्वेंशन ऑन इंटरनेश्नल ट्रेड एनड़ेंजर्ड स्पीशीज ऑफ़ वाईल्ड फौना एंड फ्लौरा) किया है। जिसमे प्राणियों और पक्षियों की कई जातियों का व्यापार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है ।
(ख) भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 लागू किया गया।

(v) जल संरक्षण के तीन तरीके बताइए ।
उत्तर:
1. उद्योगों के अपशिष्ट पदार्थों को नदियों और झीलों में नहीं बहाना चाहिए।
2. अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए क्योंकि वनस्पति आवरण जल के प्रवाह को मंद करते है भुमिगत जल को पुनः पूरित करते है।
3. स्प्रिंकलरो और ड्रिप सिंचाई द्वारा।

MUKUTclasses

प्रश्न 2. सही उत्तर को चिह्नित कीजिए। -

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा कारक मृदा निर्माण का नहीं है?
(क) समय। (ख) मृदा का गठन। (ग) जैव पदार्थ
उत्तर: (ख) मृदा का गठन

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सी विधि तीव्र ढालों पर मृदा अपरदन को रोकने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?
(क) रक्षक मेखला। (ख) मलचिंग। (ग) वेदिका कृषि
उत्तर: (ग) वेदिका कृषि

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकृति के संरक्षण के अनुकूल नहीं है?
(क) बल्ब को बंद कर देना चाहिए जब आवश्यकता न हो।
(ख) नल को उपयोग के बाद तुरंत बंद कर देना चाहिए।
(ग) खरीददारी के बाद पॉली पैक को नष्ट कर देना चाहिए।
उत्तर: (ग) खरीददारी के बाद पॉली पैक को नष्ट कर देना चाहिए।

3. निम्नलिखित का मिलान कीजिए

(क) भूमि उपयोग (ख) ह्यूमस (ग) चट्टान बाँध (घ) जैवमंडल	**(i) मृदा अपरदन को रोकना (ii) स्थलमंडल, जलमंडल और वायुमंडल के बीच जुड़ा एक संकरा क्षेत्र (iii) भूमि का उत्पादनकारी उपयोग (iv) ऊपरी मृदा पर निक्षेपित जैव पदार्थ (v) समोच्चरेखीय जुताई**

उत्तर:

(क) भूमि उपयोग (ख) ह्यूमस (ग) चट्टान बाँध (घ) जैवमंडल	(iii) भूमि का उत्पादनकारी उपयोग (iv) ऊपरी मृदा पर निक्षेपित जैव पदार्थ (i) मृदा अपरदन को रोकना (ii) स्थलमंडल, जलमंडल और वायुमंडल के बीच जुड़ा एक संकरा क्षेत्र

प्रश्न 4. निम्नलिखित कथनों में से सत्य अथवा असत्य बताइए। यदि सत्य है तो उसके कारण लिखिए-

(i) भारत का गंगा, ब्रह्मपुत्र का मैदान अत्यधिक आबाद प्रदेश है।
उत्तर: यह कथन सत्य है। ये मैदान अत्यधिक उपजाऊ है। यहां जल संसाधन प्रचूर मात्रा में है। समतल भूमि आबादी के लिए सुगम है।

(ii) भारत में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता कम हो रही है।
उत्तर: यह कथन सत्य है। भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या, कृषि के लिए अतिसिंचाई उद्योगों में प्रयोग होने के कारण जल की उपलब्धता कम हो रही है।

(iii) तटीय क्षेत्रों में पवन गति रोकने के लिए वृक्ष कतार में लगाए जाते हैं, जिसे बीच की फसल उगाना कहते हैं।
उत्तर: यह कथन असत्य है।

(iv) मानवीय हस्तक्षेप और जलवायु परिवर्तन पारितंत्र को व्यवस्थित रख सकते हैं।
उत्तर: यह कथन असत्य है।

MUKUTclasses

क्रियाकलाप
भूमि उपयोग प्रतिरूप के परिवर्तन के लिए उत्तरदायी कुछ और कारणों की चर्चा कीजिए। पिछले कुछ वर्षों में क्या आपके स्थान पर भूमि उपयोग प्रतिरूप में कोई परिवर्तन हुआ है? अपने माता-पिता और बड़े लोगों से पता कीजिए। आप निम्नलिखित प्रश्नों को पूछकर एक साक्षात्कार ले सकते हैं

स्थान	जब आपके दादा-दादी 30 वर्ष की आयु में थे।	जब आपके माता-पिता 30 वर्ष की आयु में थे।	आप क्यों सोचते हैं कि ऐसा हो रहा है?	क्या सामान्य क्षेत्र और खुले क्षेत्र विलुप्त हो रहे हैं?
ग्रामीण				
पशु और मुर्गी पालन उद्योग की संख्या				
गाँव में पेड़ों और तालाबों की संख्या				

परिवार के मुखिया का व्यवसाय				
नगरीय				
कारों की संख्या				
घर में कमरों की संख्या				
पक्की सड़कों की संख्या				
पार्क और खेल के मैदानों की संख्या				

आपने जो तालिका पूरी की है उसके आधार पर भूमि उपयोग प्रतिरूपों का एक चित्र बनाइए जिन्हें आप 20 वर्ष बाद अपने पड़ोस में देखने की कल्पना करते हैं। आप क्यों सोचते हैं कि वर्षों बाद भूमि उपयोग प्रतिरूप बदल जाता है?

उत्तर:

स्थान	जब आपके दादा-दादी 30 वर्ष की आयु में थे।	जब आपके माता-पिता 30 वर्ष की आयु में थे।	आप क्यों सोचते हैं कि ऐसा हो रहा है?	क्या सामान्य क्षेत्र और खुले क्षेत्र विलुप्त हो रहे हैं?
ग्रामीण				
पशु और मुर्गी पालन उद्योग की संख्या	2	5	बढ़ती जनसंख्या	हां
गाँव में पेड़ों और तालाबों की संख्या	500 और 20	100 और 3		
परिवार के मुखिया का व्यवसाय	कृषि	मजदूरी		
नगरीय				
कारों की संख्या	2	24		
घर में कमरों की संख्या	1	3		
पक्की सड़कों की संख्या	2	10		
पार्क और खेल के मैदानों की संख्या	5	10		

MUKUT classes